कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com दूरभाष क्रं. –0755–2970354

(Printing Item सामग्री छपाई / आपूर्ति की दरों की ई–निविदा के नियम एवं शर्ते)

हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में Printing Item की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रकिया के अतर्गत निविदाएं आमत्रित की जाती है, जो कि https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेबसाइट www.gumcbhopal.in पर भी प्रदर्शित हैं।

1. ई–निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथियां निम्नानुसार हैं :–
   निविदा प्रपत्र ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि :– 20/10/2026 सायं 05.00 बजे
   निविदा खोले जाने की तिथि :– 21/10/2026 सायं 06.00 बजे
2. ई–निविदा बिड दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं हैं।
3. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन https://mptenders.gov.in से ई–निविदा पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक ऑनलाईन सबमिट की जाना है।
4. ई.एम.डी.राशि रूपये 1000.00 शब्दों में (एक हजार मात्र) जिसे डिमान्ड ड्राफ्ट जो कि प्रधानाचार्य हकीम सैयद जियाउल हसन शा. यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से देये होगा, जमा करना होगा। ई.एम.डी.राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी। म.प्र.के लघु उद्यम तथा स्टॉटअप को ई.एम.डी. राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि / अनुभव छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है। निष्पादन प्रतिभूति राशि 3000.00 तीन हजार मात्र जमा कराना आवश्यक होगा।
5. अनुबंधित फर्म को उचित गुणवत्ता की सामग्री की आपूर्ति अनिवार्य है। इस हेतु कोई भाड़ा / हम्माली पृथक से देय नहीं होगी। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रिटिंग किया जाना अनिवार्य है।
6. वित्तीय निविदा प्रपत्र–02 अनुसार दरें https://mptenders.gov.in पर ई–निविदा की एक्सल शीट में ही अंकित करना है।
7. सामग्री की गुणवत्ता संबंधी प्रमाणीकरण मान्य होने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी, जी.एस.टी.नियमानुसार देय होगी।
8. सामग्री आपूर्ति को व्यवहारिक एवं आसान किये जाने हेतु ई वित्तीय निविदा का प्रपत्र –02 अनुसार सामग्री की दरों में एल–1 को निर्धारित किया जा सकेगा।
9. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तथा नियम शर्तो का पालन न करने पर अथवा सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने पर अनुबंध तत्काल निरस्त कर दि ये जावेगें एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की

26/9/26

Scanned with OKEN Scanner

राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म पर ब्लेक लिस्टिंग की कार्यवाही की जावेगी, एवं सामग्री की आपूर्ति हेतु एल–02 फर्म से अनुबंध किया जायेगा।

10. सफल निविदाकार से किया गया अनुबंध 31 मार्च 2027 की अवधि तक के लिये मान्य होगा एवं दोनो पक्षों की आपसी सहमति होने पर उक्त निविदा को 02 वर्ष के लिए बढाया जा सकेगा।
11. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।
12. निविदाकर्ता फर्म भोपाल नगर निगम सीमा में स्थापित होना चाहिये जिसका गुमास्ता तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
13. निविदाकर्ता के पास स्वयं अथवा फर्म का पेन नंबर होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
14. निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
15. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2024–25 / 2025–26 का टर्न ओवर न्यूनतम 02 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रूप में वित्तीय वर्ष 2024–25 / 2025–26 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ अपलोड करना आवश्यक है।
16. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार / व्यक्ति को नहीं सौंपेगा यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म / व्यक्ति को कार्य सौंपा जाता है, या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध समाप्त कर फर्म को Black listed किया जायेगा।
17. आवेदनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबंधित फर्म की निविदा / अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा। ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा / शपथ पत्र राशि रू. 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
18. ई–निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि (अधिकृत पत्र प्रस्तुत करने पर) शामिल हो सकते हैं।
19. ई–निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
20. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, इसका पालन करना होगा।
21. ई–तकनीकी निविदा में जो दस्तावेज अपलोड किये हैं, उन दस्तावेजो की सत्यापित प्रति का 01 सेट ई–तकनीकी निविदा खोलते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
22. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पडने पर मान्य करना होगी।

26/9/26

Scanned with OKEN Scanner

23. ई–तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल वांछित दस्तावेजों (चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार क्षेत्र में लिया जावेगा।

24. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।

प्रधानाचार्य एव मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद जियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय, भोपाल।

Scanned with OKEN Scanner

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल

(तकनीकी निविदा प्रपत्र –01)

1 निविदाकर्ता फर्म का नाम ....

2 फर्म के मालिक का नाम .... पिता का नाम ....

3. वर्तमान निवास का पता ....

4. दूरभाष / मोबाईल नंबर ....

5. GSTIN No ....

6. जीवित गुमारस्ता नंबर .... दिनांक ....

7. पैन कार्ड नंबर ....

8. अनुभव प्रमाण पत्र ....

8. ई.एम.डी. राशि अंको में .... शब्दो में ....

(ई.एम.डी.राशि की ई–प्रिंटेड प्रति तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ संलग्न करना होगा)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम ....

फर्म का नाम ....

फर्म की मुद्रा ....

26/9/26

Scanned with OKEN Scanner

(ई–वित्तीय निविदा का प्रपत्र–02)

Printing Item List

		Qty	Rate
SR.	Item Name	01 sq.feet	
1	Vinyle Sun board with Printing (3 mm)	01 sq.feet	
2	Vinyle Sun board with Printing (5 mm)	01 sq.feet	
3	Vinyle Acrylic with Printing (3 mm)	01 sq.feet	
4	Vinyle Acrylic with Printing (5 mm)	01 sq.feet	
5	Vinyle ACP Sheet with Printing (3 mm)	01 sq.feet	
6	Vinyle ACP Sheet with Printing (5 mm)	01 sq.feet	
7	Vinyle 4X Sheet with Printing (3 mm)	01 sq.feet	
8	Vinyle 4X Sheet with Printing (5 mm)	01 sq.feet	
9	Star Flex	01 sq.feet	
10	Star Flex with frame	01 sq.feet	
11	Normal Flex	01 sq.feet	
12	Normal Flex with frame	01 sq.feet	
13	Flex Pasting Charge	01 sq.feet	
14	Auto Glow PVC Vinyle	01 Nos	
15	Certificat (Multi colour size-A/4 300 gsm)	01 Nos	
16	Student Id Card, (PVC Plastic hard Glossy like ATM card + Custom College Name Printed Lanyard with Metal Hook	01 Nos	
17	Staff Id Card (PVC Plastic hard Glossy like ATM card + Custom College Name Printed Lanyard with Metal Hook	01 Nos	
18	Rubber Stamp with 02 Line Normal	01 Nos	
19	Rubber Stamp with 03 Line Normal	01 Nos	
20	Rubber Stamp with 04 Line Normal	01 Nos	
21	Rubber Stamp with 02 Line with auto ink Pad	01 Nos	
22	Rubber Stamp with 03 Line with auto ink Pad	01 Nos	
23	Rubber Stamp with 04 Line with auto ink Pad	01 Nos	
24	OPD Register 17 x 11 400 Page With Gutta Binding	01 Nos	
25	Sticker Multi color A-4	01 Nos	
26	Sticker B & W color A-4	01 Nos	
27	Sticker Multi color A-5	01 Nos	
28	Sticker B & W color A-5	100 Nos	
29	Multi Color Double Side A-4 Paper Printing 100 gsm	100 Nos	
30	Multi Color Double Side A-4 Paper Glosy Printing	01 Nos	
31	Bill Book Single Color 1/4 Size 100 Page (Double Copy)	01 Nos	
32	Bill Book Single Color 1/6 Size 100 Page (Double Copy)	01 Nos	
33	Bill Book Single Color 1/8 Size 100 Page (Double Copy)	01 Nos	
34	Bill Book Single Color 1/4 Size 100 Page (Triple Copy)	01 Nos	
35	Bill Book Single Color 1/6 Size 100 Page (Triple Copy)	01 Nos	
36	Bill Book Single Color 1/8 Size 100 Page (Triple Copy)	01 Nos	
37	Letter Head Single Color 1/4Size 100 Page	01 Nos	
38	Letter Head Double Color 1/4Size 100 Page	01 Nos	
39	Letter Head Multi Color 1/4Size 100 Page	01 Nos	
40	Photo Copy A4 Size Single Page Black & White	01 Nos	
41	Photo Copy A4 Size Double Page Black & White	01 Nos	
42	Photo Copy A4 Size Single Page Multicolor	01 Nos	
43	Photo Copy A4 Size Double Page Multicolor	01 Nos	
44	Roll up Standy for Banner 03 feet long	01 Nos	
45	Roll up Standy for Banner 04 feet long	01 Nos	
46	Roll up Standy for Banner 06 feet long	01 Nos	
47	Roll up Standy for Banner 08 feet long	01 Nos	
48	Library Membership Card	01 Nos	
49	Library Pocket	01 Nos	
50	A4 Size Printing with gutta binding * 100 sheets	01 Nos	

नोट–उक्त प्रपत्र प्रारूप मात्र है इस प्रपत्र के अनुसार दर राशि को ई–वित्तीय निविदा ऑनलाइन www.mptender.gov.in पर तकनीकी निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही दर्ज करना है।

26/9/26

Scanned with OKEN Scanner

प्रपत्र–03

//शपथ –पत्र //

मैं ....पिता श्री......................
...................................निवासी ....
....उम्र .... वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सालय महाविद्यालय में प्रिटिंग आईटम की आपूर्ति हेतु निविदा में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होशो–हवास में अध्ययन कर लिया है जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य है। एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक हैं एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेंरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

गवाह/साक्षी के हस्ताक्षर ....
गवाह/साक्षी का नाम ....
मोबाइल नं0 ....

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ....
निविदाकर्ता का नाम ....
मोबाइल नं0 ....

नोट :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

26/9/24

Scanned with OKEN Scanner

//चैक–लिस्ट//

उपरोक्त वर्णित नियम शर्तो अनुसार निम्न दस्तावेजो को तकनीकी निविदा प्रपत्र 01 अनुसार सबमिट करते समय आवश्यक रुप से संलग्न किया जाना है :–

क	दस्तावेज का नाम	संलग्न हॉ/नहीं
01	जीवित गुमारस्ता संबधित कार्य का होना आवश्यक है जिसकी छाया प्रति	
02	पैन कार्ड की छाया प्रति	
03	जी.एस.टी.पंजीयन पत्र की प्रति (जी.एस.टी.जमा सम्बंधी विगत 02 वित्तीय वर्षो का ऑनलाईन पत्रक तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है)	
04	निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2024–25/2025–26 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है जिसके साक्ष्य के रुप में चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट की कापी	
05	ई.एम.डी.राशि की ई–प्रिंटेड प्रति (प्रधानाचार्य हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय/स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से) अथवा एम.एस.एम.ई.पंजीयन प्रमाण पत्र	
06	निविदाकार फर्म किसी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र की प्रति	
07	प्रपत्र–03 अनुसार शपथ पत्र की प्रति	

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ....

निविदाकर्ता का नाम ....

मोबाइल नं0 ....

नोट :–चैक लिस्ट के सरल क– 01 से 07 तक के अभिलेखों के आधार पर ही तकनीकी निविदा का विश्लेषण किया जावेगा इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किन्ही अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

26/9/25